Fourteenth Loksabha

Session : 6
Date : 14-12-2005
Participants : Thummar Shri Virjibhai

>

Title : Regarding need to declare minimum support price of cotton at Rs. 2250 per quintal and open purchasing centers of CCI in Amreli Parliamentary Constituency, Gujarat.

श्री वी.के. ठुम्मर (अमरेली) : अध्यक्ष महोदय, देश में कपास की फसल बहुत अच्छी हुयी है और मेरे संसदीय क्षेत्र अमरेली एवं सौराट्र में अधिकतर किसान के परिवार कपास की खेती पर ही निर्भर हैं। अच्छी फसल होने के बाद पन्द्रह दिनों से फसल बाजार में ज्यादा मात्रा में आनी शुरू हो गयी है। कपास फसल बाजार में ज्यादा आने से कपास का मूल्य 1800 रूपये प्रति क्विंटल का भाव हो गया है जबकि इसकी लागत 2200 रूपये प्रति क्विंटल आती है। लागत से कम मूल्य मिलने पर किसान परेशान है। ऐसी स्थिति में वह कर्ज में डूब जायेगा और देश में कपास बोने वाला किसान आत्महत्या करने के लिए मजबूर होगा। अतः देश में कपास का समर्थन मूल्य कम से कम 2250 रूपये प्रति क्विंटल होना चाहिए। साथ ही साथ मेरे संसदीय क्षेत्र के राजूला, साबरकुडला, बाबरा एवं अमरेली में कॉटन कारपोरेशन ऑफ इंडिया के क्रय केन्द्र भी खोले जाने चाहिए, जिससे किसान लोग अपनी कपास फसल को आसानी से बेच सकें।

सदन के माध्यम से केन्द्र सरकार से अनुरोध है कि कपास का समर्थन मूलय 2250 रूपये प्रति क्विंटल की घोाणा की जाये और सीसीआई के क्रय केन्द्र मेरे संसदीय क्षेत्र के अमरेली राजूला, साबरकुडला, बाबरा एवं बगसरा में खोले जाये एवं कपास का आयात पूरी तरह से बंद किया जाये।